भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 800
24 जुलाई, 2026 को जवाब दिया

ग्रेट योजना के अंतर्गत अनुसंधान एवं उद्यमिता के लिए अनुदान

800. श्री रायगा कृष्णैयाः
श्री राजीब भट्टाचार्जीः
श्री सदानंद महालू शेट तानवड़ेः
श्री शंभू शरण पटेलः
श्रीमती सीमा द्विवेदीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तकनीकी वस्त्रों में नए आकांक्षियों को अनुसंधान और उद्यमिता हेतु अनुदान (ग्रेट) योजना के शुभारंभ के बाद से उसके अंतर्गत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त स्टार्टअपों तथा नवप्रवर्तकों की राज्य-वार संख्या तथा उन्हें प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) योजना के अंतर्गत प्रोटोटाइप विकास तथा व्यावसायीकरण के लिए चिन्हित प्रौद्योगिकी क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्टार्टअपों के लिए नवाचार, उद्योग साझेदारी तथा बाजार तक पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को सहायता प्रदान करने के लिए, युवा इनोवेटर्स, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों और स्टार्ट-अप उद्यमों को अपने विचारों को वाणिज्यिक प्रौद्योगिकियों और उत्पादों में बदलने में सहायता प्रदान करने हेतु, वस्त्र मंत्रालय वर्ष 2023 से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीएमएम) के तहत "ग्रांट फॉर रिसर्च एंड एंटरप्रेन्योरशिप अक्रॉस एस्पायरिंग इनोवेटर्स इन टेक्निकल टेक्सटाइल्स (ग्रेट)" योजना को कार्यान्वित कर रहा है। अपनी शुरुआत के बाद से, ग्रेट योजना के तहत कुल 31 स्टार्ट-अप को 15.40 करोड़ रुपये की कुल लागत पर मंजूरी दी गई है, जिसमें भारत सरकार की हिस्सेदारी 13.65 करोड़ रुपये हैं। एनटीटीएम की ग्रेट योजना के तहत वित्तीय सहायता के साथ अनुमोदित स्टार्ट-अप का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार हैं:

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्टार्ट-अप की संख्या	भारत सरकार द्वारा सहायता (रुपये में)
आंध्र प्रदेश	1	45,00,000/-
दिल्ली	5	2,30,00,000/-
गुजरात	4	1,79,88,188/-
कर्नाटक	2	95,00,000/-
महाराष्ट्र	7	3,04,25,000/-
पंजाब	1	50,00,000/-
राजस्थान	1	45,00,000/-
तमिलनाडु	6	2,36,74,400/-
उत्तर प्रदेश	3	1,35,00,000/-
उत्तराखंड	1	45,00,000/-

(ग): एनटीटीएम के तहत ग्रेट योजना पूरे देश में क्रियान्वित की जाती है और इस योजना के तहत अनुमोदित स्टार्ट-अप में उन्नत फंक्शनल टेक्सटाइल्स जैसे टेम्प्रेचर रेस्पोंसिव और सेलफ सेनिटाइजिंग फैब्रिक्स, ग्राफीन-आधारित सामग्री वाले स्मार्ट टेक्सटाइल्स, एनर्जी हारवेस्टिंग फैब्रिक्स, स्वास्थ्य सेवा के लिए शेप-मेमोरी वियरेबल्स, ऑटोमोटिव, निर्माण और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए उच्च निष्पादन वाले कंपोजिट के प्रौद्योगिकी डोमेन का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम शामिल है। इनमें हेम्प-बायोप्लास्टिक कंपोजिट, बायोडिग्रेडेबल टायर यार्न और एल्गि-डेराइव्ड चमड़े जैसे सस्टेनेबल, बायो-बेस्ड इनोवेशन्स के साथ-साथ सर्जिकल सिमुलेटर और एंटीमाइक्रोबियल टेक्सटाइल प्रौद्योगिकियों सहित चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल समाधान भी शामिल हैं।

(घ): राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीएमएम) के तहत, सार्वजनिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं, प्रदर्शनियां, सेमिनार और आउटरीच गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इन पहलों का उद्देश्य मिशन के विभिन्न घटकों को बढ़ावा देना है और साथ ही शोधकर्ताओं और स्टार्ट-अप को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और खरीदारों और विक्रेताओं सहित उद्योग स्टेकहोल्डरों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान करना है, ताकि अनुसंधान परिणामों और संभावित स्टार्ट-अप परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

***